महत्वपूर्ण एवं खास

गुल्लू जलप्रपात के पास स्कूली छात्रा की शव मिलने से सनसनी

» बलात्कार कर हत्या की आशंका

जशपुर (आरएनएस)। जिले के गुल्लू जल प्रपात में स्कूली छात्रा का शव मिला है। बताया जा रहा है कि छात्रा स्कूली ड्रेस में है ,जुता भी पहनी है। सोनकयारी पूलिस चौकीको ग्रामीणों के द्वारा सूचना दी है। पूलिस मौके के लिए रवाना हो गयी है।अभी तक यह पता नही चल पाया कि छात्रा कौन है।इस मामले में पूलिस जिले के थानों में गुमशदगी के मामलों की फाईल तलाशने में जुट गई है।इस बीच ये भी खबर आ रही है कि नारायनपुर थाने में एक छात्रा की गुमशुदगी का मामला दर्ज है और शिनाख्ती के लिए नारायनपुर पूलिस भी मौके के लिए रवाना हो रही है। बहरहाल,शव देखने वाले बलात्कार के बाद हत्या की आशंका जता रहे हैं।

नीम के पेड़ से निकल रहा सफेद तरल पदार्थ, लोगों के लिए बना आकर्षण का केंद्र

दुर्ग (आरएनएस)। जिले के ग्राम आमटी के आश्रित ग्राम मासाभाट में लगे नीम कि पेड़ में से निकल रहा दूध जैसा तरल पदार्थ लोगों के आकर्षण का केंद्र बना हुआ है। अंडा निकुम इलाके सहित आसपास के गांवों से लोग पहुंचकर इसे देखने के लिए उमड़ने लगे हैं। कोई इसे चमत्कार का नाम दे रहा है तो कोई इसे केवल कुदरती घटना बता रहे है। लेकिन लोग यहां पहुंच कर उसे देखने के काफी उत्सुक दिखाई दे रहे हैं। वहीं वैज्ञानिक सोच रखने वाले तर्कशील इसकी जांच करने मे जुट गए हैं व इसके कारणों पर से पर्दा उठाने का प्रयास कर रहे हैं। निकुम से महज़ तीन किलो मीटर दुर ग्राम मासाभाट में शीतला माता के मदिंर से चंद कदम की दूरी पर स्थिर ठाकुर देव है जो नीम के पेड़ में विराजित है ,ग्रामीणों के अनुसार अचानक रविवार से नीम के पेड़ से अनवरत दुध की धारा बह रही है जिससे यहाँ आस्था का केंद्र बना हुआ है ,लोग इसे चमत्कार मानते हुए इसे श्रद्धा से जोड़ रहे है।

धान खरीदी को लेकर भाजपा करेगी प्रदेश स्तरीय प्रदर्शन

रायपुर (आरएनएस)। भारतीय जनता पार्टी धान खरीदी को लेकर पूरे प्रदेश में 15 नवम्बर को मंडल स्तर पर प्रदर्शन करेगी। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष विक्रम उसेंडी ने कहा कि प्रदेश की कांग्रेस सरकार लगातार किसान विरोधी नीति अपनाकर धान नहीं खरीद रही है। जिसका हम पुरजोर विरोध करेंगे। प्रदेश में जब हमारी सरकार थी तो हर साल 15 नवम्बर से ही धान खरीदी की जाती रही है। लेकिन जब से प्रदेश में कांग्रेस की सरकार आई है अपने वादों के मुताबिक किसानों की मांगों को पूरा नहीं कर रही है। अभी धान कटाई चल रही है और किसानों का धान बिचैलियों औने-पौने दाम पर खरीद रहे हैं। पूर्व की तरह कांग्रेस सरकार को 15 नवम्बर से धान खरीदी करना चाहिए। अब वक्त आ गया है कि अपने वादे के मुताबिक कांग्रेस की सरकार को किसानों व धान खरीदी के मुद्दे पर ठोस कदम उठाना चाहिए।

बोलरो खाई में गिरी एक की मौत, तीन घायल

जगदलपुर (आरएनएस)। दरभा थाना क्षेत्र के झीरम घाटी में तेज रफ्तार बोलेरो घाटी किनारे लगे डिवाइडर को तोड़ते हुए खाई में जा गिरी। घटना में एक 77 साल के बुजुर्ग की मौत हो गई है वहीं तीन अन्य लोगों को चोटें आई हैं। दरभा पुलिस के अनुसार जगदलपुर से तोंगपाल जाने के दौरान घाटी में हादसा हो गया। बताया जा रहा है कि गाड़ी की रफ्तार काफी तेज थी और मोड़ पर ड्राइवर गाड़ी को नियंत्रित नहीं कर पाया। खाई में गाड़ी गिरने के बाद 77 वर्षीय मोसू गाड़ी के नीचे दब गए और उनकी मौत हो गई। वहीं गाड़ी में सवार कोंदाराम, धर्मेंद्र और ड्राइवर दीपक खाई में ही घायल अवस्था में पड़े रहे।

कोयला की अफरा-तफरी, तीन पकड़ाए

कोरबा (आरएनएस)। दीपका व बालको पुलिस ने कोयला की अफरा- तफरी करने वाले तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए युवकों के खिलाफ धारा 379 के तहत कार्रवाई की है। दीपका थाना क्षेत्र के पाली रोड दीपका के समीप पुलिस ने ग्राम झाबर निवासी सुनील कुमार विश्वकर्मा पिता बुधवार सिंह गोंड़ के पास से दो बोरी कोयला जप्त किया है। सुनील कुमार प्लेटिना वाहन में कोयला ले जा रहा था। इसी तरह बालको पुलिस ने काशी नगर निवासी संगीत माली पिता स्व. पंचराम 41 वर्ष को गोढ़ी पुल के पास रोककर पूछताछ की। संगीत माली व दो अन्य साथी दो बोरी कोयला लेकर अ.य जगह में खपाने के लिए जा रहे थे। इससे पूर्व पुलिस ने उसे धर- दबोचा।

बम समेत एक नक्सली जनमिलिशिया सदस्य गिरफ्तार

दंतेवाड़ा (आरएनएस)। अरनपुर थाना क्षेत्र में फोर्स ने ककाड़ी के सोनापारा से एक बम बरामद किया है। इस दौरान करीब के जंगल से जनमिलिशिया सदस्य की गिरफ्तारी भी हुई है। सर्चिंग के निकले सीआरपीएफ के जवानों ने ककाड़ी के जंगल में एक बम बरामद कर उसे मौके पर ही डिफ्यूज कर दिया। इस दौरान जंगल में छिप रहा एक संदिग्ध व्यक्ति जवानों को देखकर भागने लगा। घेराबंदी कर उसे पकड़ लिया गया। पूछताछ में उसने अपना नाम हेमला देवा निवास स्कूलपारा नहाड़ी बताया। उसके मुताबिक वह वर्ष 2014 से नक्सलियों के लिए काम कर रहा है। यहां लीडरों के कहने से जवानों की रेकी कर रहा था। उसके पास से फोर्स ने कोडेक्स वायर और अन्य नक्सल सामग्री बरामद की है। बता दें कि पोटाली इलाके से फोर्स ने पांच किलो वजनी बम बरामद किया था। इसी रास्ते से एसपी, कलेक्टर और अन्य अधिकारी-जवान पोटाली कैंप पहुंचे थे।

बच्चों को ऐसा वातावरण मिले, जिनसे बचपन रहे सुरक्षित: उइके

» राजभवन में बाल दिवस का हुआ आयोजन » दिव्यांग बच्चों की संगीतमय प्रस्तुती से प्रसन्न होकर एक लाख रूपए देने की घोषणा

रायपुर (आरएनएस)। राज्यपाल सुश्री अनुसुईया उइके ने कहा है कि विश्व के सबसे अधिक मूल्यवान मानव संसाधन को समृद्ध बनाने के लिए बच्चों की अच्छी शिक्षा-दीक्षा और परवरिश पर विशेष ध्यान देने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि बच्चों को ऐसा वातावरण मिले कि उनका बचपन सुरक्षित रहे और उन्हें अपनी प्रतिभाओं को निखारने का उचित अवसर मिले। राज्यपाल सुश्री उइके ने यह विचार आज यहां राजभवन के दरबार हॉल में बाल दिवस के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में व्यक्त की। राज्यपाल ने शासकीय दृष्टि एवं श्रवण बाधित विद्यालय के बच्चों द्वारा प्रस्तुत गीत-संगीत की सराहना करते हुए बच्चों के प्रोत्साहन हेतु विद्यालय को स्वेच्छा अनुदान से 01 लाख रूपए देने की घोषणा की।

राज्यपाल सुश्री उइके ने कहा कि हमारे देश के प्रथम प्रधानमंत्री पण्डित जवाहर लाल नेहरू बच्चों को विशेष स्नेह करते थे और बच्चे भी उन्हें चाहते थे तथा प्यार से उन्हें चाचा नेहरू कहते थे। इसलिए पण्डित नेहरू के जन्म दिन को बाल दिवस के रूप में मनाया जाता है। उन्होंने कहा कि जीवन का सबसे महत्वपूर्ण समय बचपन होता है। बचपन में सीखी हुई अच्छी बातें जीवन पर्यन्त काम आते हैं। राज्यपाल ने बच्चों पर बढ़ते हुए बस्ते के बोझ पर चिंता जताते हुए कहा कि आजकल यह देखा जाता है कि बच्चे तनाव के दौर से भी गुजर रहे हैं। उनका बचपन खो सा गया है। हमें चाहिए कि बच्चों को ऐसा वातावरण दें कि उनकी प्रतिभा को विकसित होने का पर्याप्त अवसर मिले।

राज्यपाल ने कहा कि कुपोषण की समस्या को एक चुनौती मानते हुए निजी संस्थाओं और सामाजिक संगठनों को भी अपनी सहभागिता निभानी चाहिए। राज्यपाल ने कहा कि दिव्यांग बच्चों ने आज हृदयस्पर्शी और प्रेरणादायी गीतों की बहुत अच्छी प्रस्तुती दी। उन्हें सुनकर ऐसा महसूस हुआ कि वे किसी से कम नहीं है बल्कि अपने सुमधुर गीत के माध्यम से पूरे समाज को स्वच्छता के संदेश दे रही हैं। इस अवसर पर राज्यपाल सुश्री उइके ने शासकीय दृष्टि एवं श्रवण बाधित विद्यालय रायपुर के बच्चों को प्रमाण-पत्र और स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया।

पुलिस महानिदेशक डी. एम. अवस्थी ने कहा कि यह मेरा सौभाग्य है कि राजभवन में बाल दिवस पर आयोजित इस अद्भूत कार्यक्रम में मुझे शामिल होने का अवसर मिला। उन्होंने कहा कि राज्यपाल महोदया को तब से जानता हूं जब मैं वर्ष 1991 से 1993 के मध्य छिंदवाड़ा जिले में पुलिस अधीक्षक के पद पर था। मैंने उस समय महसूस किया था कि वे बड़ी संवेदनशील हैं।

राजभवन में गूंजा 'अरपा पैरी के धार'

रायपुर (आरएनएस)। राजभवन के दरबार हॉल में आज बाल दिवस के अवसर पर शासकीय दृष्टि एवं श्रवण बाधित विद्यालय रायपुर की छात्राओं ने आकर्षक एवं मनोहारी सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुती दी। विद्यालय की छात्रा सुश्री रूपवर्षा केरकेट्टा, सुश्री सुमन दीवान, सुश्री छाया कुशवाहा और सुश्री जागेश्वरी सिन्हा के समूह ने छत्तीसगढ़ राज्य के राजगीत 'अरपा पैरी के धार' की भावमय प्रस्तुति दी। इसके बाद इन छात्राओं ने 'मोर रायपुर' के लिए गाया गया स्वच्छता गीत भी गाया। साथ ही नरवा, गरूवा, घुरूवा बारी' पर आधारित गीतों की भी प्रस्तुती दी। उनकी प्रस्तुती की

राज्यपाल सुश्री अनुसुईया उइके और अन्य अतिथियों ने जमकर सराहना की। इस अवसर पर दिव्यांग छात्र अनमोल पटले ने राज्यपाल की स्केच उन्हें भेंट स्वरूप प्रदान की। इसके साथ ही जे. आर. दानी उच्चतर माध्यमिक विद्यालय की छात्रा सुश्री जिज्ञासा साहू और सुश्री अनुष्का तिवारी ने पण्डित जवाहरलाल नेहरू के व्यक्तित्व पर प्रकाश डाला।

भारत अंतरराष्ट्रीय व्यापार मेले में छत्तीसगढ़ पवेलियन का मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने किया उद्घाटन

» विभिन्न विभागों के स्टालों का अवलोकन कर ली जानकारी

रायपुर (आरएनएस)। नई दिल्ली के प्रगति मैदान में आयोजित हो रहे 39वां भारत अंतरराष्ट्रीय व्यापार मेले (आईआईटीएफ)में छत्तीसगढ़ पवेलियन का मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने आज उद्घाटन किया। 14 से 27 नवंबर तक चलने वाले इस मेले में छत्तीसगढ़ के विभिन्न विभागों के स्टॉल लगाए गए हैं। मेले में शिरकत कर मुख्यमंत्री बघेल ने स्टालों का अवलोकन कर जानकारी ली। मुख्यमंत्री ने छत्तीसगढ़ के

कारीगरों की प्रशंसा करते हुए विजिटर बुक में भी उल्लेख किया है। उन्होंने शुभकामनाएं देते हुए लिखा है कि छत्तीसगढ़ के स्टाल में हमारे मेहनतकश कारीगरों के उत्कृष्ट कार्य दिखाई देता है। उनके द्वारा निर्मित सामान विश्वस्तरीय है।

इस मौके पर कृषि मंत्री रविंद्र चौबे और खाद्य मंत्री अमरजीत भगत भी उपस्थित रहे। अंतरराष्ट्रीय व्यापार मेले के हॉल नम्बर 12-। छत्तीसगढ़ का पवेलियन है, जो कि पहले ही दिन यहाँ आने वाले आगंतुकों के आकर्षण का केंद्र रहा। भारत अंतरराष्ट्रीय व्यापार मेले में छत्तीसगढ़ का पवेलियन इस वर्ष की थीम ' ईज ऑफ डूइंग' बिजनेस के अनुरूप तैयार किया गया है।

व्यापार मेला में बड़ी संख्या में प्रदेश के दस्तकार, शिल्पकार, कारीगर भाग ले रहे हैं। छत्तीसगढ़ का हस्तशिल्प और हैंडलूम उत्पाद व्यापार मेले में बिक्री के लिए उपलब्ध है।

जिसमें बेलमेटल, ढोकरा शिल्प, कोसा सिल्क साड़ियों के स्टाल पर भीड़ जुट रही है। यहाँ प्राकृतिक रंगों से तैयार ड्रेस मटेरियल, बेडशीट, ग्राम उद्योग के हर्बल उत्पाद की खरीदारी की जा रही है।

व्यापार मेले में इस बार 20 से अधिक देश भाग ले रहे हैं। वहीं 800 से अधिक कंपनियां और संस्थाएं आई हैं। आम लोगों के लिए 19 नवंबर से खुलेगा।

दपूमरे में सघन टिकट चेकिंग अभियान के दौरान लगभग 2,51,440 रूपये का राजस्व प्राप्त हुआ

रायपुर (आरएनएस)। दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे रायपुर रेल मंडल के वाणिज्य विभाग द्वारा समय-समय पर टिकट चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है । जिससे यात्रियों को टिकट लेने के प्रति लगातार जागरूक किया जा रहा है, साथ ही यात्रियों को जागरूक किया जा रहा है कि वे उचित टिकट लेकर सही कोच में बैठे एवं अपनी सुखद यात्रा करें । टिकट चेकिंग अभियान में दिनांक 13 नवम्बर 2019 को चलाया गया जिसमें बिना टिकट यात्रा करने वाले लगभग 55 मामलों से 28,335 रूपये राजस्व प्राप्त हुआ, वही अनियमित टिकट के 421 मामलों से 1,92,625 रूपये का राजस्व प्राप्त हुआ, अन बुकड़

लगेज के 301 मामलों से 30,480रूपये राजस्व प्राप्त हुआ, कुल 777 मामलों से रायपुर रेल मंडल के वाणिज्य विभाग द्वारा 2,51,440 रूपये का राजस्व प्राप्त किया गया। इस टिकट चेकिंग अभियान में 29 टीटीई, एंव रेलवे सुरक्षा बल 2 के द्वारा 06 लोकल एवं लगभग 25 एक्सप्रेस ट्रेनों में जांच की गई। यह अभियान आगे भी लगातार जारी रहेंगे, यात्रियों से अनुरोध है कि उचित टिकट लेकर यात्रा करें ।

होटल की गंदगी सड़क पर फेंका, 2 हजार जुर्माना

रायपुर (आरएनएस)। चंगोराभाठा में एक होटल संचालक गंदगी को सड़क पर फेंकते पाया गया। उस पर 2 हजार रुपए जुर्माने के साथ ही कड़ी फटकार भी लगाई गई।

नगर निगम के जोन क्रमांक 5 के सेनेटरी इंस्पेक्टर दिलीप साहू ने बताया कि होटल संचालक का नाम चन्दू देवांगन है। वह चाय नाश्ता के होटल के साथ बच्चों के चिप्स, नड्डा, मुरकु आदि चीजें बनाकर बेचते हैं। आज उन्हें होटल से निकले खराब सामानों के साथ पॉलीथीन आदि चीजों को सड़क पर फेंकते पाया गया। जिस पर उनके खिलाफ 2 हजार रुपए के जुर्माने की कार्यवाही की गई।

411 गरीब परिवारों को निःशुल्क घरेलू नल कनेक्शन

रायपुर (आरएनएस)। राज्य सरकार की महत्वाकांक्षी मिनीमाता अमृतधारा नल योजना के अंतर्गत राजनांदगांव जिले के 411 गरीबी रेखा से नीचे जीवन यापन करने वाले परिवारों को निःशुल्क घरेलू नल कनेक्शन मिलेगा। इसके लिये राज्य शासन द्वारा 18 लाख 64 हजार रुपए की प्रशासकीय स्वीकृति जारी कर दी गई है। विभाग से मिली जानकारी के अनुसार राजनांदगांव जिले के डोंगरगांव विकासखंड के 7 ग्राम विचारपुर, नवागांव, मोखली, अमलीडीह, रातापायली, मोहड़, तिलईरवार और मनेरी में 7 लाख 73 हजार रुपए की लागत से 157 हितग्राही परिवारों को और डोंगरगढ़ विकासखंड के 7 ग्राम बाघनदी, ठाकुरटोला (से), सलोनी, पीटेपानी, देवकट्टा, अछोली और बेलगांव में 7 लाख 55 हजार की लागत से 170 हितग्राही परिवारों को और मोहला विकासखंड के 7 ग्राम पलांदुर, गिधाली, गोटाटोला, चांपाटोला, करमोता, दनगढ़ और बोदाल में एक लाख 58 हजार की लागत से 32 हितग्राही परिवारों को और चौकी विकासखंड के दो ग्राम करमतरा और दाऊटोला में एक लाख 49 हजार की लागत से 38 हितग्राही परिवारों परिवारों को निःशुल्क नल कनेक्शन प्रदाय किया जाना है।

छत्तीसगढ़ में शीघ्र लागू होगा पत्रकार सुरक्षा कानून

» प्रारूप पर सुझाव लेने समिति 16 नवम्बर से प्रदेश के दौरे पर

रायपुर (आरएनएस)। छत्तीसगढ़ में पत्रकार सुरक्षा के लिए शीघ्र पत्रकार सुरक्षा कानून लागू होगा। इस संबंध में न्यायमूर्ति आफताब आलम सेवानिवृत्त न्यायाधीश उच्चतम न्यायालय की अध्यक्षता में गठित समिति ने प्रस्तावित कानून का प्रारूप तैयार कर लिया है और इस पर पत्रकारों, पत्रकार संगठनों तथा आमजनों से चर्चा कर सुझाव प्राप्त करने के लिए समिति 16 से 18 नवम्बर तक राज्य के विभिन्न अंचलों का दौरा करेगी।

समिति 16 नवम्बर को रायपुर के विशिष्ठ अतिथि विश्राम गृह पहुना में दोपहर 12.30 बजे से 2 बजे तक पत्रकार एवं पत्रकार संगठनों से तथा अपरान्ह 3.30 से शाम 5 बजे तक आमजनों से चर्चा कर सुझाव लेगी। इसी प्रकार समिति 17 नवम्बर को सर्किट हाऊस जगदलपुर में पूर्वान्ह 11.30 बजे से दोपहर 1.30 बजे तक पत्रकार और पत्रकार संगठनों से तथा अपरान्ह 3 से 4 बजे तक आम नागरिकों से सुझाव लेगी। समिति 18 नवम्बर को अम्बिकापुर पहुंचेगी और दोपहर 12.30 बजे से 1.30 बजे तक पत्रकार और पत्रकार संगठनों से तथा दोपहर 2.30 बजे से 3.30 बजे तक आम नागरिकों से चर्चा कर सुझाव प्राप्त करेगी।

प्रस्तावित छत्तीसगढ़ पत्रकार सुरक्षा कानून का हिन्दी और अंग्रेजी प्रारूप जनसम्पर्क संचालनालय की वेबसाइट उपलब्ध है। किसी शंका की दशा में अंग्रेजी रूपांतरण मान्य होगा। ज्ञातव्य है कि प्रदेश में पत्रकार निर्भीकता से स्वतंत्र लेखन कर सकें, इसके लिए राज्य सरकार ने पत्रकार सुरक्षा कानून लागू करने का निर्णय लिया है। जिसके परिपालन में मार्च 2019 में पत्रकार सुरक्षा कानून बनाने के लिए उच्चतम न्यायालय के सेवानिवृत्त न्यायाधीश, न्यायमूर्ति आफताब आलम की अध्यक्षता में एक समिति गठित की गई है। समिति में न्यायमूर्ति श्रीमती अंजना प्रकाश सेवानिवृत्त न्यायाधीश उच्च न्यायालय, राजूराम चन्द्रन वरिष्ठ अधिवक्ता उच्चतम न्यायालय, महाधिवक्ता छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय, पुलिस महानिदेशक, प्रमुख सचिव विधि विभाग, रूचिर गर्ग मीडिया सलाहकार मुख्यमंत्री, ललित सुरजन, प्रधान संपादक दैनिक देशबंधु और प्रकाश दुबे वरिष्ठ पत्रकार नागपुर समिति के सदस्य हैं।

SJU - Contact No. +91 9301915303 E-mail ID- sjunion29@gmail.com
Social Justice Union
Registered with Govt. No. 5526
Join SJU
अधिकार से न्याय तक

आवश्यकता
इस संघ का गठनसम्पूर्ण छत्तीसगढ़ में पीड़ितों को न्याय दिलाने के लिए किया गया है, जिसे छत्तीसगढ़ शासन से मान्यता प्राप्त है, जिसका क्रमांक 5526 है, तथा सम्पर्क हेतु नं0 9301915303 है। इस संघ के गठन पर संघ के संरक्षक एवं सीनियर एडवाईजर श्री तथागत श्रीवास्तव (अधिवक्ता, माननीय उच्च-न्यायालय), एवं कार्डिनेंग बोर्ड के सदस्यों कृ0 सी.बी.वर्मा, श्रीमती रेकना श्रीवास्तव, श्रीमती रजनी सकुन्डे एवं अन्य ने शासन को धन्यवाद ज्ञापित किया, और कहा कि संघ के पास सामाजिक अन्याय अथवा मानवाधिकार हनन सम्बंधी तथ्य के प्रस्तुत होने पर, उसे लिखित में शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन एवं सक्षम व्यक्तियों के समक्ष संघ की ओर से प्रस्तुत किया जायेगा। साथ ही, विधि, न्याय सम्बंधी कार्य साथ में लेकर बेसहारा, गरीब, परित्यक्ता, विधवाओं के उत्थान के लिए कार्य किया जायेगा।

उद्देश्य एवं नियुक्तियां
मुख्य रूप से संघ का उद्देश्य छत्तीसगढ़ प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर में सामाजिक न्याय हेतु प्रचार-प्रसार करना, तथा मानवाधिकार हेतु जागरूकता पैदा करना है। संघ साक्षरता एवं अनौपचारिक शिक्षा के माध्यम से मानवाधिकार के सम्बंध में प्रचार प्रसार करना चाहता है। इस हेतु प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर पर सामाजिक न्याय एवं मानवाधिकार संरक्षण केन्द्र की स्थापना की जायेगी, और उनमें संघ के द्वारा आधिकारिक नियुक्तियाँ की जायेंगी। प्रत्येक व्यक्ति इस संघ में सदस्य बन सकता है, जिसके लिए संघ के द्वारा निर्धारित नियम एवं शर्तों का पालन किया जाना अनिवार्य है। इस हेतु सदस्यता फार्म संघ के प्रधान कार्यालय में उपलब्ध है।

मुख्य बिन्दु
प्रताड़ित एवं पीड़ित व्यक्ति की समस्याओं को सुनना, आवेदन लेना तथा पीड़ित को न्याय दिलाने के लिए उचित साधन एवं संसाधनों की जरूरत के अनुसार व्यवस्था करना मूल रूप से इस संघ का कार्य है। पीड़ित व्यक्तियों को न्यायिक, गैर-न्यायिक एवं सामाजिक समस्या पर विधिनुसार एवं संविधान के अनुसार आवश्यक मदद की जायेगी।

पीड़ित संपर्क करें
संघ विशेष रूप से मानवाधिकार दिलाने एवं सामाजिक न्याय प्राप्ति हेतु पीड़ित मानव की हर संभव मदद करेगा तथा इस हेतु पीड़ित मानव के लिए भारतीय संविधान के तहत् विधिक सहायता की व्यवस्था आवश्यकतानुसार करेगा। यदि कोई पीड़ित है तो इस संघ से सम्पर्क कर सकता है।

अन्य बिन्दु
- संघ पर्यावरण संरक्षण एवं पर्यावरण सम्बंधी चेतना हेतु भी जागरूकता लाने का प्रयास करेगा।
- पूरे छत्तीसगढ़ प्रदेश में महिलाओं के अधिकार, श्रमिकों के अधिकार, आदिवासियों के अधिकार, अनुसूचित जाति-जनजातियों के अधिकारों के सम्बंध में विधिक एवं तकनीकि रीति के कार्यक्रमों को इस संघ द्वारा संचालित किया जायेगा तथा प्रत्येक पीड़ित को उसके कर्तव्यों एवं अधिकारों के बारे में सचेत किया जायेगा। न्याय प्राप्ति हेतु हर संभव मदद की जायेगी।
- संघ शासन से मान्यता प्राप्त है, अतः शासन एवं प्रशासन में विभिन्न पदों पर आसीन तक पीड़ित की परेशानी को आसानी से पहुँचाया जा सकता है। इस हेतु संघ शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन व्यक्तियों से मुलाकात कर पीड़ित को न्याय दिलाने में समस्त सहायता भी करेगा।
- संघ द्वारा संवैधानिक शिक्षा एवं सामाजिक विकास से सम्बंधित रिसर्च कार्यक्रम किए जायेंगे, एवं समान उद्देश्यों वाली अंतर्राष्ट्रीय, राष्ट्रीय, सरकारी तथा गैरसरकारी संस्थाओं के साथ मिलकर काम किया जायेगा।
- संघ सामाजिक कुरीतियों को दूर करने के लिए कार्यशाला का आयोजन भी करेगा। संघ देश के मूले किरदार पर महान विभूतियों के सम्मान में कार्यक्रम भी आयोजित करायेगा।

पढ़िए .... न्यायसाक्षी समाचार-पत्र
:: Address ::
Behind Stadium
Near Career
School, Raigarh,
C.G.
Pin 496001

www.nyaysakshi.com

सभी से अपील की गई है कि ज्यादा से ज्यादा संख्या में संघ से जुड़कर साथ का साथ दिया जावे ताकि प्रत्येक पीड़ित मानव को न्याय मिल सके एवं एक अच्छे समाज का निर्माण हो सके।
Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU